तापमान

अधिकतम 41.6 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 24 जून 2025



12 क्षेत्र का विकास कराना कर्तव्य, अग्रणी हलका बनाना उनका लक्ष्य

12 डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र निर्माण में दिया अतुलनीय योगदान






## खबर संक्षेप

### हत्या का आरोपित 24 घंटे के भीतर किया काबू

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम ने नुकीली वस्तु से पड़ौसी युवक की हत्या करने की घटना में संलिप्त आरोपित को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित गोहाना के गौतम नगर निवासी राजू पुत्र रामदिया है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। 21 जून को गौतम नगर निवासी नसीब की उसके पड़ौसी राजू ने नुकीली वस्तु से हमला करके हत्या कर दी थी। इस संदर्भ में मृतक के भाई धर्मबीर पुत्र रणधीर की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**खरखौदा।** हलालपुर गांव के पास सैदपुर मार्ग पर एक युवक गंभीर अवस्था में घायल पाया गया है। जिसने बाद में दम तोड़ दिया। हलालपुर निवासी दीपक ने बताया कि रविवार की देर रात को उसका बड़ा भाई दिनेश 34 वर्ष घर से किसी काम को लिए बाहर गया था। इसके बाद उसका भाई आधी रात तक घर पर वापस नहीं आया। उसे रात को करीब 1 बजे फोन पर सूचना मिली कि दुर्घटना के बाद उसका भाई सैदपुर मार्ग स्थित पुराने शराब के ठेके के सामने पड़ा हुआ है। जब वह मौके पर पहुंचा तो उसका भाई गंभीर हालत में घायल पड़ा था। देखने से प्रतीत हो रहा था कि किसी वाहन ने उसके साथ यह दुर्घटना की है।

### शादी के पांच महीने बाद लापता हुआ युवक

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव दीपालपुर का एक युवक शादी के पांच महीने बाद संदिग्ध हालत में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर युवती पर अपहरण कर अज्ञात जगह पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवक की तलाश के प्रयास कर रही है।

### अवैध हथियार सहित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत।** राई थाना सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कर्ण निवासी मनोली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उप निरीक्षक नरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान जाखौली-पबसरा रोड़ पर मौजूद थी। उसी दौरान संदिग्ध हालत में घुम रहे युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली। उसके पास एक देशी पिस्तौल व दो जिंदा राउंड बरामद हुए। आरोपित के खिलाफ राई थाने में मुकदमा दर्ज किया गया।

## लंबी लाइनों में घंटों खड़े रहने पर मरीज हुए मजबूर

# सर्वर डाउन होने के चलते मरीजों को उठानी पड़ रही परेशानी



रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लगी भीड़।



ओपीडी में लगी मरीजों की भीड़।

### नागरिक अस्पताल सर्वर रूम में बैटरी खराब होने के चलते आ रही परेशानी, 15 दिनों से सर्वर बार-बार पड रहा डाउन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- रविवार देर शाम तीन बजे से पड़ा हुआ है सर्वर डाउन

नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को प्रबंधन की लचर व्यवस्था का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। प्रबंधन की तरफ से दी जाने वाले सुविधा समय पर न मिलने के चलते मरीजों को घंटों लाइनों में लगने पर मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए स्थापित की ऑनलाइन प्रक्रिया उनकी समस्या को बढ़ रही है। करीब 15 दिनों से सर्वर बार-बार डाउन हो रहा है। जिसके चलते रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर अन्य ऑनलाइन प्रक्रिया बंद हो जाती है। मरीजों को कई-कई दिनों से अस्पताल में लंबी लाइनों में लगने के बाद भी सही स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में दो सौ बेड की सुविधा उपलब्ध है। अस्पताल में मरीजों की सहूलियत के लिए ऑनलाइन प्रणाली स्थापित की गई थी।

अस्पताल में उपचार करवाने वाले मरीज को रजिस्ट्रेशन काउंटर से नंबर मिलने के बाद उसी आईडी पर ही आगामी उपचार की रूपरेखा तैयार होती है। चिकित्सक से मिले परामर्श के बाद उसे लैब में सैंपल देने व उनकी रिपोर्ट लेने के लिए उसी आईडी नंबर का इस्तेमाल होता है। जो मरीज को रजिस्ट्रेशन काउंटर से मिला था। करीब 15 दिनों से बार-बार सर्वर डाउन होने की समस्या कर्मचारियों के साथ उपचार के लिए आने वाले मरीजों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। रविवार देर शाम तीन बजे सर्वर बंद हो गया। सर्वर की देखभाल करने वाले कर्मचारी सरकारी अवकाश होने के कारण अस्पताल में मौजूद नहीं थे। जिसके चलते सोमवार को करीब 10.35 जाकर सर्वर चालू हो सका।



रजिस्ट्रेशन काउंटर पर हाथ से पर्ची बनाते हुए कर्मचारी।



सैंपल रिपोर्ट लेने के लिए लाइन में खड़े मरीज।

#### खरीद के लिए कमेटी गठित, जल्द समस्या का निवारण

*नागरिक अस्पताल प्रबंधन की तरफ से तैनात मीडिया नोडल अधिकारी डा. संदीप लठवाल ने बताया कि मरीजों की सुविधा के लिए प्रबंधन प्रयासरत है। मामला संज्ञान में आने के तुरंत बाद ही सामान खरीद कमेटी का गठन कर दिया गया है। जल्द से जल्द बैटरी मंगवाकर सर्वर को दुरूस्त किया जायेगा। ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।*

***-डा. संदीप लठवाल, मीडिया नोडल अधिकारी नागरिक अस्पताल।***

#### सर्वर पर है सभी ऑनलाइन प्रणाली

जानकारी मिली है कि सर्वर रूम में इस्तेमाल होने वाली बैटरी का बैकअप कम है। बिजली कट लगने के बाद दोबारा से सर्वर शुरू होने में समय लगता है। लगातार तीन बार सर्वर डाउन होने पर ई-उपचार चंडीगढ़ से बंद हो जाता है। उसके बाद शुरू करने पर घंटों का समय लग जाता है। जिसका खामियाजा रजिस्ट्रेशन काउंटर, लैब रिपोर्ट रूम, एक्सरे विभाग, लैब सैंपल रूम में मरीजों को लंबी लाइनों में लगकर चुकाना पड़ रहा है। सर्वर रूम में करीब 80 बैटरी सर्वर को चलाने के लिए रखी हुई है। जिन्हें करीब चार साल पहले रखा गया था। उसका बैकअप कम होने के चलते बार-बार सर्वर बंद हो रहा है। अस्पताल का लगभग 80 प्रतिशत कार्य ऑनलाइन प्रणाली के जरिए चलता है।

#### हाथ से बनानी पड़ी पर्चिया, न रिपोर्ट मिली ना हुए एक्सरे

नागरिक अस्पताल के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों को ऑनलाइन आईडी का रजिस्ट्रेशन होता है। सर्वर डाउन होने के चलते ऑनलाइन प्रणाली ठप हो जाती है। सोमवार का काउंटर पर बैठे कर्मचारियों ने मरीजों की सुविधा के लिए हाथ से पर्ची बनाकर दी। कर्मचारियों ने सुबह आठ बजे से लेकर साढ़े दस बजे तक पांच सौ से ज्यादा पर्चियां हाथ से बनाकर मरीजों को दी। उसके बाद सर्वर चलने पर 1500 से ज्यादा मरीजों का रजिस्ट्रेशन हो सका।

## प्रदूषण फैला रही कंपनी पर प्रदूषण विभाग की तीखी नजर

- मामला संज्ञान के आने के बाद जांच के लिए प्रदूषण विभाग के मौके पर पहुंचे, कार्रवाई का दिया आश्वाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

कामी रोड पर भूर्री गांव के समीप पैट्रोल पम्प के सामने फैक्ट्री से उठता धुंआ कई बार राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। परेशान होकर पास के गांव के ग्रामीणों ने प्रदूषण विभाग को प्रदुषण फैलाती कंपनी की शिकायत वीडियों सहित प्रदूषण विभाग को दी। उसके बाद प्रदूषण विभाग के अधिकारी अनिल कुमार टीम के साथ फैक्ट्री में पहुंचे और मौका मुआयना किया और कार्रवाई का आश्वाशन दिया। ग्रामीण ने प्रदुषण विभाग को अवगत करवाया कि उक्त कंपनी में सप्ताह- सप्ताह बाद कई बार धुंआ इतना उठता है जितना कई बार आग लगने पर धुंए की लपटी बनती है। उन्होंने बताया कि इस बारें में वे जब देखने के लिए कंपनी के गेट पर पूछताछ करते है तो उन्हें कोई जवाब नही मिलता। परेशान होकर उन्होंने प्रदूषण विभाग को अवगत करवाया है। उनका कहना कि थोड़े से गेंहू व धान की फांस जलाने पर किसान के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो जाता है तो इनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए।



**गन्नौर।** कंपनी के अन्दर से उठता हुआ धुंआ, जो पर्यावरण प्रदूषण का कारण बनता है।

#### प्रदूषण अधिकारी ने फैक्ट्री का मुआयना किया

*प्रदूषण विभाग के अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि प्रदूषण फैलाने का मामला संज्ञान में आने के बाद कंपनी का मौका मुआयना किया है। यह कंपनी वैसे तो बंद पड़ी है। लेकिन धुंआ छोड़कर प्रदूषण फैलाने पर कंपनी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।*

## ईरान पर अमेरिकी हमले के खिलाफ सड़क पर उतरे

- दुनिया में अमेरिका के पास सबसे ज्यादा न्यूक्लियर हथियार, ईरान पर पाबंदी

**गोहाना।** सोमवार को जन संघर्ष मंच हरियाणा के कार्यकर्ताओं ने शहर में अमेरिका द्वारा ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर किए गए हमले के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद समता चौक में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन किया। मंच के कार्यकर्ताओं ने समता चौक से सिविल रोड होते हुए बलिदानी भगत सिंह चौक तक जुलूस भी निकाला। मंच के प्रांतीय सलाहकार डा. सीडी शर्मा ने कहा कि अमेरिका के उकसावे पर शुरु इजरायल-ईरान के बीच चल रहे युद्ध में अब अमेरिका सीधे रूप से कूद गया है। रविवार रात को अमेरिका ने ईरान के फोर्डो, नंताज व इस्फहान स्थित न्यूक्लियर स्थलों पर भारी गिराए और इसके बाद ट्रंप ने यह बयान दिया कि अब युद्ध नहीं शांति चाहिए। विशेषज्ञों का साफ कहना है कि ईरान ने अंतरराष्ट्रीय निरीक्षण की सभी शर्तें निभाई हैं। उसका परमाणु संवद्र्धन कार्यक्रम ऊर्जा व स्वास्थ्य आदि के लिए है। अमेरिका के पास दुनिया में सबसे ज्यादा परमाणु हथियार हैं। वर्ष 2003 में अमेरिका ने इराक को सामूहिक विनाश के हथियार के बहाने से पूरी तरह तबाह कर दिया था। अमेरिकी साम्राज्यवाद अब विश्व शांति और अमेरिकी आवाम समेत सारी मानवता के अस्तित्व के लिए खतरा बन गया है। आर्थिक महामंदी के चलते अमेरिका दूसरे देशों के संसाधनों को लूटने के लिए व पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए यह करवा रहा है। मंच के कार्यकर्ताओं ने मांग की कि जो देश युद्ध को बढ़ावा देते हैं उन पर प्रतिबंध लगाए जाएं। प्रदर्शन में डा. सुनीता त्यागी, रघुबीर विरोधीया, सूरजभान चहल, रमेश सैनी, प्रदीप त्यागी, मदन अत्री, संजय शर्मा, राजीव बुटाना, दिलावर सिंह कुंडू, मंजीत सुमित, सुनीता, चंद्रकलां, बीरमती चहल, आजाद और सतबीर उपस्थित रहे।

## गढ़ी केसरी में बिना किसी मंजूरी के काटी जा रही कालोनी, प्रशासन बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गढ़ी केसरी गांव में बिना किसी मंजूरी के दो एकड़ भूमि पर अवैध कालोनी काटने का मामला सामने आया है। प्रशासन की अनदेखी के चलते कुछ कालोनाइजर मिलकर इस क्षेत्र में अवैध तरीके से प्लाटिंग करने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर कच्ची सड़कों का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। न तो कालोनी का कोई नक्शा पास कराया गया है और न ही इसका कोई पंजीकरण नगर योजनाकार विभाग में हुआ है। जिला नगर योजनाकार विभाग के पास भी कालोनी को लेकर कोई जानकारी नहीं है कि जिस कारण कालोनाइजर बेखौफ होकर अवैध निर्माण कार्य को अंजाम दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कालोनाइजर लोगों को सस्ते प्लाट का लालच देकर जमीन बेचने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे भविष्य में कई लोगों को कानूनी व मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है।



**गन्नौर।** गढ़ी केसरी में कालोनी काटने के लिए कालोनाइजरों द्वारा बनाया जा रहा कच्चा रास्ता।

#### नोटिस देगा विभाग

इस संबंध में जिला नगर योजनाकार विभाग के अधिकारी अजमेर सिंह ने बताया कि उन्हें कालोनी की अवैध प्लाटिंग की सूचना मिली है। संबंधित कालोनाइजर को नोटिस जारी कर नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## गंदा पानी जमा होने के कारण लोगों का जीवन दूभर

- सीवर जाम के कारण भरा होगा वहां पानी, अभी सीवर सफाई होगी : नपा चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बड़ी रोड पर गंदे पानी की निकासी के नाले न होने के कारण नालियों का गंदा पानी सड़क पर छोड़े जाने से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा समस्या तो वहा से पैदल गुजरने वाले लोगों को होती है कि वे पैदल भी नही निकल पाते, उन्हें आसपास की गलियों से आना पड़ता है।

स्थानीयवासी व वाहन चालक सुरेन्द्र, सतबीर, विरेन्द्र, विकास ने बताया कि गंदे पानी के जमाव के कारण मच्छरों की भरमार के कारण रात को सोना भी मुश्किल हो जाता है। रात को मच्छर काटते रहते है। वहीं बीमारी फैलने का भी आंदेश रहता है। उन्होंने बताया कि इस तरफ नगरपालिका कोई ध्यान नही दे रही। यह काफी लंबे समय से समस्या चलती आ रही है। उन्होंने बताया कि बरसात होने पर तो लोगों का यहां से निकलना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने बताया कि गंदा पानी भरने के कारण वे आसानी से अपने घर के अन्दर भी नही आ जा सकते। जिससे परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने नगरपालिका से गंदे पानी के समाधान की मांग की है।



**गन्नौर।** बड़ी रोड पर भरा हुआ नालियों का गंदा पानी।

#### शिकायत दे चुके है, कोई कार्रवाई नही होती

*वार्ड 9 पार्षद हरविन्द्र त्यागी ने बताया कि उन्होंने नगरपालिका के अधिकारियों से कई बार गंदे पानी की निकासी की समस्या के समाधान के लिए नगरपालिका चेयरमैन व सचिव को लिखित में शिकायत कर चुके है। शिकायत के बाद पैमाईश भी करके आ चुके है लेकिन उसके बाद कोई कार्रवाई नही होती।*

#### सीवर में वहां के गंदे पानी की निकासी

*नगरपालिका के चेयरमैन अरूण त्यागी ने सड़क पर गंदे पानी के जमाव को लेकर बताया कि वहां की नालियों के गंदे पानी की निकासी सीवर लाईन में है। सीवर जाम हो जाते है तो सड़क पानी भरता है। वे अभी जनस्वास्थ्य विभाग को बोलकर सीवर की सफाई करवाएंगे।*



## गुम हुई सोने की चेन पुलिस ने 24 घंटे में बरामद कर लौटाई

**गन्नौर।** थाना बड़ी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक महिला की गुम हुई सोने की चेन 24 घंटे के भीतर बरामद कर उन्हें वापिस सौंप दी। घटना 22 जून की रात करीब 10 बजे की है, जब माडल टाउन, पानीपत की रहने वाली अजिंद्र कौर की लगभग 3 तोले वजन की सोने की चेन लड़सौली स्थित अजय सीएनजी पंप के पास गिर गई। अजिंद्र कौर ने अगले दिन 23 जून को थाना बड़ी में पहुंचकर चेन गुम होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही सहायक उप निरीक्षक कुलदीप, महिला सिपाही उषा और सिपाही सुभाष मौके पर पहुंचे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम को चेन गिरने का सुराग मिला और उन्होंने गुम हुई चेन को मौके से बरामद कर लिया।

## 27 जून को होगा आयोजन, रथयात्रा की तैयारियों में जुटा मंदिर प्रशासन

# फूल बंगले में निकलेंगे जगन्नाथ, ऑपरेशन सिंदूर पर होगा मिल्ट्री बैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सिद्धपीठ श्री बाबाधाम, सोनीपत में आगामी शुक्रवार, 27 जून 2025 को भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। रथयात्रा की शुरुआत दोपहर 3 बजे मंदिर से होगी और रात्रि 8 बजे यात्रा का समापन पुनः मंदिर प्रांगण में किया जाएगा।

इसके पश्चात रात्रि 9 बजे महा प्रसाद वितरण (56 भोग भंडारा) किया जाएगा। बाबा धाम के संचालक राकेश कुच्छल ने बताया कि रथयात्रा में ओडिशा से आई भव्य झांकियां, विभिन्न राज्यों से आए बैंड बाजे और संकर्तन मंडलियां मुख्य आकर्षण होंगी, जो भक्तों को एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करेंगी। यात्रा श्री बाबाधाम से शुरू होकर जटवाड़ा से होते हुए पुरखास अड्डा पहुंचेंगी। जहां से गीता भवन चौक, बस अड्डा, मुरथल अड्डा होते हुए वापस श्री बाबाधाम में यात्रा का समापन होगा। सिद्धपीठ श्री बाबाधाम, श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल, श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल द्वारा संचालित की जाने वाली इस रथयात्रा की तैयारियों को लेकर मंदिर प्रशासन काम कर रहा है।



सोनीपत। सिद्धपीठ श्री बाबा धाम का फोटो।

#### वृंदावन-दिल्ली के फूल बंगले में निकलेंगे भगवान

रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ वृंदावन व दिल्ली के फूल बंगले में रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। इससे पहले मंदिर परिसर में 26 जून को भगवान जगन्नाथ मंदिर के पट खुलने के साथ नेत्र दर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कार्यक्रम में ओडिशा के पुरी से 6 वरिष्ठ ब्राह्मणों सहित 250 लोगों का दल जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर भगवान जगन्नाथ की वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजा-अर्चना करवाएगा। साथ ही यह दल व वृंदावन, चंडीगढ़ व दिल्ली के इस्कॉन केंद्रों से 100 लोगों का दल 27 जून को रथयात्रा में शामिल होकर भगवान के रथ के आगे संकीर्तन करता चलेगा। सभी लोग 25 जून को बाबा धाम मंदिर में पहुंचेंगे।

#### ऑपरेशन सिंदूर पर मिल्ट्री बैंड के साथ निकलेगी झांकी

भगवान जगन्नाथ रथयात्रा इस वर्ष ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित झांकी भी निकाली जाएगी। इस झांकी की अगुवाई मिल्ट्री बैंड करेगा। शोभायात्रा में अधिकतर आकर्षक झांकियां पंजाब के पटियाला, उत्तर प्रदेश के रूड़की व दिल्ली से शामिल होंगी। भगवान जगन्नाथ उत्सव के लिए खासकर कलकत्ता व मुंबई से फूलों व चंडीगढ़ से लाइटिंग को मंगवाया गया है। रथयात्रा में शामिल रथ को भव्य रूप देने के लिए सुगंधित फूलों व रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा। फूलों की महक के बीच श्रद्धालु भजनों पर भक्ति के रस में डुबकी लगाते नजर आएंगे।

हरिभूमि सहेली
रोहतक, मंगलवार
24 जून 2025



# तब आप बन जाएंगी स्मार्ट वर्किंग वूमेन

बहुत सी वर्किंग वूमेन को खुद से यह शिकायत रहती है कि पूरी मेहनत से काम करने के बाद भी उनको न अच्छा रिजल्ट मिलता है और न ही उनके पास टाइम बचता है। वास्तव में इसकी वजह वर्किंग स्टाइल का मिसमैनेजमेंट होता है। अगर कुछ बातों को अमल में लाएं तो आप स्मार्ट वर्किंग वूमेन बन सकती हैं।

कवर स्टोरी
**शिखर चंद जैन**

रागिनी इस बात से परेशान रहती है कि उसे अपने बिजी रूटीन में पल भर भी चैन से गुजारने की फुर्सत नहीं मिल पाती। इसके बावजूद वह घरेलू कामों में अपनी मां की मदद भी नहीं कर पाती है। उधर वर्कप्लेस पर सुबह से शाम तक लगातार काम में जुटे रहने के बाद भी उसका कोई न कोई ऑफिसियल वर्क पेंडिंग रह ही जाता है। हमेशा काम में उलझी रहने की वजह से वह अपने पर्सनल जरूरी काम भी लगातार टालती रहती है। इस बारे में एक बार जब उसने अपनी मां से डिस्कशन किया तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'बेटी तू व्यस्त कम, अस्त-व्यस्त ज्यादा रहती है।' अपनी मां की बात सुनकर रागिनी गंभीरता से अपने वर्किंग स्टाइल पर सोचने लगी कि आखिर उससे मिस्टेक कहां होती है? रागिनी की तरह ही कई वर्किंग वूमेन के साथ ऐसा होता है कि वे हमेशा काम में बिजी रहती हैं। ना इन्हें खाने-पीने की सुध होती है, ना मनोरंजन के लिए वक्त मिलता है। इन्हें ठीक से नींद भी नहीं आती और फ्रेंड सर्कल के साथ भी टाइम नहीं बिता पाती हैं। इसके बावजूद इनकी मेहनत का मनचाहा या बहुत बढ़िया रिजल्ट भी नहीं मिलता है। बल्कि पेंडिंग या सही तरीके से न किए गए वर्क की वजह से अकसर बॉस से डांट पड़ती है। ऐसे लोगों को समझना चाहिए कि ओवर बिजी होने और स्मार्ट वर्किंग पर्सन होने में फर्क होता है। गैरजरूरी व्यस्तता से बचने और हर काम को स्मार्टली करने के लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

### हर पल है कीमती

स्मार्ट वर्किंग वूमेन बनने के लिए अपने समय के हर पल का हिसाब रखना जरूरी है। आप अपना समय किन कामों में लगा रही हैं, आपको पता होना चाहिए। टाइम ट्रैकिंग ही बताएगी कि आप अपने टाइम को बर्बाद कर रही हैं या इसका सही यूज कर रही हैं। इसके लिए प्रियॉरिटी के आधार पर निश्चित समय पर जरूरी काम करने की आदत डालें। आलस्य और टालमटोल की आदत से दूर रहें। 'टाइम मैनेजमेंट' किताब में लिखा है कि आपको कर्मठता के साथ काम करने में समय का निवेश सही तरीके से करना चाहिए ताकि इसका बेहतर रिटर्न हासिल हो सके।

### अनावश्यक बातें ना करें

हर काम का एक वक्त होता है। जब आप किसी जरूरी ऑफिसियल प्रोजेक्ट पर काम कर रही हों तो उस दौरान कुलीग्स से बातचीत करने में समय नष्ट न करें। गॉसिप, हंसी-मजाक आदि तभी करें, जब आपके पास स्पेयर टाइम हो। आप पब्लिक ट्रांसपोर्ट या पूल कार से ट्रैवलिंग के दौरान या फिर ऑफिस आवर्स खत्म होने के बाद ही पर्सनल बातें या गॉसिपिंग कर सकती हैं।





### एंज्वॉय करें वर्क

काम ऑफिस का हो या पर्सनल, जब आप बोझिल मन से उसे करती हैं तो एकाग्रता की कमी के कारण आपको उसे करने में ज्यादा समय लगता है। आधे-अधूरे मन से काम करने से गलती होने की आशंका रहती है। इसलिए गलती सुधारने के लिए एक ही काम को दो या तीन बार भी करना पड़ जाता है। वहीं अगर काम को एंज्वॉय करते हुए करेंगी तो काम ईजी लगेगा, सही होगा और कुछ जल्दी भी हो जाएगा। हॉर्वर्ड बिजनेस रिव्यू सजेस्ट करता है कि इसके लिए काम के पुराने तरीकों में थोड़े-थोड़े बदलाव करती रहें। कोई काम चुनौतीपूर्ण लगे तो उसे कागज पर लिख लें, चुनौतियों को नोट कर लें और एक-एक कर उन्हें दूर करती चलें। इसमें आपको मजा आने लगेगा और कॉन्फिडेंस भी बढ़ता जाएगा।

### रिलैक्स करें माइंड

जहां तक संभव हो दिन की शुरुआत और अंत हल्का और रिलैक्स्ड करना चाहिए। बेहतर परफॉर्मेंस के लिए अपने मन को सुकून देना बहुत जरूरी होता है। इस समय का इस्तेमाल काम करने के लिए नहीं बल्कि यह प्लान करने के लिए करें कि आपको अपना आज या कल का दिन किन कामों में इस्तेमाल करना है और कौन-सा काम कब करेंगे? इस दौरान आपको कई क्रिएटिव आइडियाज भी आएंगे, जो आपको प्रोडक्टिव बनाएंगे। अगर आप संगीत सुनना पसंद करती हैं तो रिलैक्स होने के लिए फेवरेट म्यूजिक या सॉन्ग सुन सकती हैं।

### मेंटल ट्रैप से बचें

अगर अपने ऑफिस वर्क के दौरान बिल्कुल समय ही नहीं बचता तो गौर करें कि उस दौरान कहीं आप यूजलेस वर्क करने, दूसरों को सपोर्ट देने में या गॉसिपिंग में तो टाइम वेस्ट नहीं करती हैं? 'ऑफ द क्लॉक' पुस्तक की लेखिका लॉरा वेंडरकैम इसे मेंटल ट्रैप कहती हैं। वह सलाह देती हैं, 'आपका समय ऐसी चीजों या काम में लगना चाहिए, जो आपको आर्थिक, सामाजिक, मानसिक और पारिवारिक लाभ दे और आपको रचनात्मक रूप से संतुष्ट भी रखे।'

कहने का सार है कि स्मार्ट वर्किंग वूमेन बनना बहुत टफ नहीं है। इसके लिए केवल आपको अपने वर्क को स्मार्टली मैनेज करना आना चाहिए।

# संयम और समझदारी से करें अपमानजनक स्थितियों का सामना

घर-परिवार, रिश्तेदारी, आस-पड़ोस या कार्यस्थल पर कई बार कोई व्यक्ति हमें अपमानित कर देता है, मन को ठेस पहुंचाने वाले शब्द बोल देता है। ऐसे में तुरंत प्रतिक्रिया करने या जैसे को तैसा जवाब देने के बजाय संयम और समझदारी से काम लेना चाहिए। ऐसा आप कैसे कर सकती हैं, यहां बता रहे हैं।

सेल्फ मोटिवेशन
**मोनिका शर्मा**



अब पछताए होत का, जब चिड़िया चुग गई खेत। यह कहावत जानने भर की नहीं मानने-समझने योग्य भी है। विशेषकर ऐसी स्थिति में, जब आपके मान को ठेस पहुंची हो। किसी ने दिल दुखाया हो। जान-बूझकर कमतर आंकने का खेल खेला हो। दरअसल, अपमानित होने की स्थिति में इंसान कुछ भी कर गुजरता है। आपराधिक घटनाओं से लेकर अभद्र व्यवहार तक कर जाने के ऐसे मामले आए दिन सुर्खियां बनते हैं। अधिकतर घटनाओं में बात केवल शांत मन से ठहर कर सोचने भर की होती है। असल में मन को ठेस पहुंचने की स्थिति में सोचने-समझने की सुध-बुध ही खो जाती है। मन को दुखाते ऐसे अवसरों पर जरा ठहरने में ही समझदारी है।

**अपनी मनःस्थिति को समझिए:** अपमानजनक परिस्थितियों में सबसे पहले तो अपनी मनःस्थिति को समझना और संभालना जरूरी होता है। भावनात्मक रूप से उन शब्दों से मत जुड़िए, जो आपका मन दुखाने के इरादे से ही कहे गए हैं। इरादतन मन को चोट पहुंचाने के लिए किए गए व्यवहार को दिल से मत लगाइए। अपने मन-मस्तिष्क को यह समझाना जरूरी है कि कोई भी दुर्भाव भरी बात आपके पूरे व्यक्तित्व पर प्रश्न खड़ा नहीं कर सकती। आपकी वैचारिक समझ को सवालों के घेरे में नहीं ला सकती है। ऐसे में आपको लेकर की गई नकारात्मक टिप्पणी या असभ्य बात को एक शब्द या वाक्य भर मानें। यह स्वीकार्यता स्वयं अपनी मनःस्थिति को समझे बिना संभव नहीं। ध्यान रहे कि अपने मन को समझ कर ही ऐसी उलझन भरी स्थिति में अपने आप को ऐसी समझाइश दी जा सकती है। यह समझाइश ही तनाव और आहत मन से खुद को निकालने में मददगार हो सकती है।



**दूसरे पक्ष को भी समझिए:** कई बार आपको भला-बुरा या अपमानजनक शब्द कह डालने वाला इंसान खुद ही उलझाऊ मनोभावों से घिरा होता है। किसी ना किसी तरह की पीड़ा या परेशानी उसे भी घेरे होती है। ऐसे लोग बाद में पछताते हैं। अपने बर्ताव के लिए बाद में माफी भी मांगते हैं पर अपमानित किए जाने की पीड़ा व्यक्ति के मन में घर बना चुकी होती है। इसके चलते सामने वाले इंसान को समझे बिना उसे और बड़ी चोट पहुंचाने का रास्ता चुन लिया जाता है। लाजिमी भी है क्योंकि कभी-कभी दूसरे लोगों का बर्ताव और शब्द इंसान के मन में बहुत परेशान करने वाली भावनाएं पैदा कर देते हैं। ऐसे में यह सोच पाना संभव नहीं कि अगले इंसान का दिलो-दिमाग भी दुख-तकलीफ या किसी तरह के असहनीय तनाव के हालात का शिकार हो सकता है। इसीलिए दूसरे इंसान के पक्ष को जानना-समझना भी आवश्यक है। ऐसे में अगर आप स्वयं को समझा पाने में असफल महसूस करें तो किसी आत्मीय मित्र से सारी बात साझा करें। वह आपके मनोव्यक्तित्व को जानकर स्थितियों को समझने में आपकी मदद करेगा। इससे आपको अपने भीतर के द्वंद्व से बाहर निकलने में मदद मिलेगी।

**ठहराव को चुनिए:** यह सच है कि अपमानजनक स्थिति का सामना करते समय खुद को संयत रखना मुश्किल होता है। मन में आक्रोश उमड़ने लगता है पर स्थिति को बहुत बिगड़ने से रोकने के लिए, थोड़ा ठहर जाना चाहिए। कभी-कभी ऐसी स्थिति में बहस या जवाब-तलब करने के बजाय चुप रह जाना ही अच्छा होता है। संभव हो तो ऐसी स्थिति को हंसकर टालने की राह ही चुनें। इस बर्ताव से होने वाले नुकसान को समझें। पल भर के आक्रोश के खामियाजे समझने का भाव ठहराव की ओर ले जाता है। जिंदगी में शांति और सुकून के लिए यह जरूरी है।



# नई सोच-ऊर्जा लेकर आती है आज की बहू

अब वो जमाने लद गए, जब बहू के आते ही घर में क्लेश शुरू हो जाता था। आज की बहू पारंपरिक सोच से उबरकर नई सोच और ऊर्जा लेकर नए घर में आती है, जिसमें हर रिश्ते के लिए होता है भरपूर प्रेम, स्नेह और सम्मान।

रिश्ते
**यशोधरा भटनागर**

पार्क में शीला जी को देख एकाएक मैं चौंक गई। नए फैशन का सलवार-सूट और पैरों में महंगे स्कैचर्स। उन्हें देखकर अच्छा भी लगा और थोड़ी कुढ़न भी हुई। 'क्या बात है बहुत खुश और बदली-बदली लग रही हो?' मेरे पूछने पर वे मुस्कुराईं और धीरे से बोलीं, 'नई बहू जो आ गई है।'

'अच्छा तो यह बात है। घर-बार उस बेचारी को सौंप तुम मजे कर रही हो।' आखिरकार मैंने अपने मन की बात को बाहर निकाल ही दिया। इस पर वह तुरंत बोल पड़ीं, 'नहीं! नहीं! प्रिया ने मुझे सिखाया कि मेरी अपनी भी जिंदगी है। सबके लिए अपना ख्याल रखना भी जरूरी है। मुझे लैपटॉप, मोबाइल फोन और बहुत कुछ उसने सिखा दिया है। बहू नहीं मेरी सहेली है। चलती हूं, प्रिया ऑफिस से लौटने वाली होगी। आज हमारा शॉपिंग के लिए जाने का प्लान है।' घड़ी की ओर देखती शीला जी अपने घर की ओर चल दीं। मैं उन्हें जाते देखते सोचती रह गई।

इसमें कोई दो राय नहीं कि जब किसी की बेटी घर में बहू बनकर जाती है, तो वह एक साथ कई भूमिकाएं लेकर आती है। बहू केवल एक रिश्ता नहीं, बल्कि वह पूरे घर को प्रेम, ऊर्जा और उम्मीद से भर देती है।

**समझती-निभाती है अपनी जिम्मेदारियां:** समय के साथ हर रिश्ते में स्त्रियों ने अपनी भूमिका को समझा है और उससे जुड़ी जिम्मेदारियों को निभाती भी हैं। आज के दौर में बहू के रूप में आने वाली बेटियां, उच्च शिक्षा प्राप्त होती हैं, आत्मनिर्भर होती हैं और तकनीकी रूप से सक्षम भी होती हैं। वे जानती हैं कि उन्हें सिर्फ रोटियां ही नहीं बेलनी, रिश्तों को भी संजोना है, संवारना है। वे घर की चहारदीवारी में सीमित नहीं रहती हैं, बल्कि घर से बाहर की जिम्मेदारियां भी उतनी ही सजगता से निभा रही हैं।

### ससुर को देती है पिता जैसा स्नेह

केवल सास ही नहीं, ससुर की देखभाल में भी आज की बहुएं कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। उन्हें टाइम पर दवाइयां देना, उन्हें डॉक्टर के पास ले जाना, पार्क में टहलने ले जाना, उनके संग डिस्कशन करना, उनकी मनपसंद डिशेज बनाकर खिलाना, उनके बैंक के काम ऑनलाइन करवाने में मदद करना जैसे कई काम वे खूब उत्साह से करती हैं। ससुर को लगता है जैसे बहु के रूप में उन्हें एक और बेटी मिल गई है।



**सास की बन जाती है सखी:** आज की बहू सास के खिलाफ साजिश या उनसे बहस नहीं बल्कि दोस्ती करती है। वह सास को व्हाट्सएप ऑपरेट करना सिखाती है, फेसबुक पर अकाउंट बनवाती है, उन्हें टेक्नोस्मार्ट बनाती है।

**हर परिस्थिति में रहती है सहज:** नए दौर की बहू बहुत समझदारी से हर कंडीशन को हैंडल करना जानती है। समस्या की घड़ी हो या कोई आकस्मिक परिस्थिति, वह घबराती नहीं है। धैर्य के साथ सहज होकर वह उचित निर्णय लेती है। घर के हर फैसले में अपनी भागीदारी निभाती है, और जरूरत पड़ने पर पूरे परिवार को संभालती है।


**यही होती है उसकी अपेक्षा:** अगर हम बहू को सम्मान, स्वतंत्रता और स्नेह देंगे, तो वह और भी तन्मयता से घर को संजोने में खुद को अर्पित कर देगी। वह बस इतना चाहती है कि उसे समझा जाए, सराहा जाए और स्वीकार किया जाए।

# तब आप दिखेंगी स्टाइलिश-अट्रैक्टिव

फैशन ट्रेंड
**ललिता गोयल**

जब मौसम बदलता है तो न केवल ड्रेसअप, फैशन ट्रेंड भी बदल जाता है। हालांकि कई जगहों पर बारिश शुरू हो चुकी है लेकिन उमस भरी गर्मी अभी भी बनी हुई है। ऐसे में हर महिला कुछ ऐसा पहनना चाहती है, जो हल्का और सुकून देने वाला तो हो ही, साथ ही कूल और स्टाइलिश लुक भी दे।

**फैशन के साथ कंफर्ट भी:** उमस वाली गर्मी में फैशन और कंफर्ट का सही बैलेंस बनाए रखने के लिए लाइट, ब्रीदेबल और ट्रेंडी फैब्रिक वाली ड्रेस पहननी चाहिए। इससे आपका लुक कूल और क्लासी भी लगेगा। गर्मी में कॉटन के अलावा रेयॉन, सिल्क, ऑर्गेंजा सिल्क, जॉर्जेट, शिफॉन, लिनेन जैसे फैब्रिक को आप अपनी वार्डरोब में जगह दे सकती हैं। इन फैब्रिक की साड़ियों से लेकर सूट और वेस्टर्न अटायर तक बेहतरीन लगते हैं। गर्मी में फ्लावरी प्रिंट की लंबी ड्रेस, वन शोल्डर मिडी ड्रेस, रफल ड्रेस, स्ट्रेपी मैक्सी ड्रेस विद लिनेन जैकेट शॉर्ट्स और टॉप या जंपसूट भी बहुत अच्छे लगते हैं। स्लीवलेस कॉटन मिडी इस सीजन में कूल-क्लासी लुक देते हैं। अगर आप अपने समर लुक में फ्रेशनेस और एलिगेंस चाहती हैं, तो ब्लू और व्हाइट फ्लोरल प्रिंट वन पीस परफेक्ट चॉइस हो सकती है। यह आपको कूल और फ्रेश लुक देगी।



**आउटफिट कलर:** मौसम के हिसाब से फैब्रिक का सही कलर चुनना जरूरी होता है। गर्मी में आपको न्यूट्रल कलर की ड्रेस पहननी चाहिए। वैसे तो व्हाइट कलर इस सीजन के लिए बेस्ट कलर माना जाता है। इसके अलावा आप लाइट ग्रीन, यलो, बेबी पिंक, स्काई ब्लू, टरक्वायज ब्लू, बेज या ग्रे कलर भी चुन सकती हैं।

**स्टाइलिश सनग्लासेस-हैट्स:** इस सीजन में घर से बाहर निकलते समय स्टाइलिश सनग्लासेस और हैट पहनने से न सिर्फ धूप से बचाव होता है, बल्कि ये आपको स्टाइलिश भी दिखाते हैं। ये दोनों ही चीजें आपके ओवरऑल लुक में एक्स्ट्रा स्टाइल एड करती हैं।



**एसेसरीज-मेकअप हो सुटेबल:** उमस भरी गर्मी के दिनों में लाइट वेट ज्वेलरी कैरी करनी चाहिए। यह कंफर्टेबल होने के साथ-साथ आपको एलिगेंट लुक देती है। गर्मी में पेस्टल कलर की ज्वेलरी जैसे सॉफ्ट पिंक, कोरल, सिल्वर ज्वेलरी, कलरफुल बीड्स की फंकी ज्वेलरी स्टाइलिश और कूल लुक देती है। इसके अलावा एसेसरीज में स्टड ईयररिंग्स, पर्ल ड्रॉप ईयररिंग, कोरल ब्रेसलेट,फूल-पत्तियों के पैटर्न वाले नेकपीस शामिल कर सकती हैं। इस सीजन में लाइट मेकअप ही करें।

**(फैशन डिजाइनर मीनाक्षी खंडेलवाल से बातचीत पर आधारित)**

# अगर प्रेग्नेंसी के दौरान होने लगे हाई ब्लड प्रेशर

प्रेग्नेंसी के दौरान कई महिलाओं को हाई ब्लड प्रेशर होता है। लेकिन जब यह कंट्रोल से बाहर होने लगे और साथ में अन्य समस्याएं भी होने लगें तो लापरवाही न करें। ऐसे में क्या करें, डिटेल में बता रहे हैं।

मेडिकल सजेशन
**डॉ. नीता सिंह**
सीनियर प्रोफेसर-गायनेकोलॉजी
एम्स, नई दिल्ली

प्रेग्नेंसी में आमतौर पर 20वें से लेकर 24वें सप्ताह से गर्भवती महिला का ब्लड प्रेशर बढ़ना शुरू हो जाता है, जिसे जेस्टेशनल हाइपरटेंशन या प्रेग्नेंसी इंड्यूस हाइपरटेंशन कहा जाता है। यानी, महिला को गर्भावस्था से पहले ब्लड प्रेशर की शिकायत नहीं होती, लेकिन गर्भावस्था के 20वें सप्ताह के बाद उसे हाई ब्लड प्रेशर हो जाता है। इसकी वैल्यू 140/90 मिमी एचजी को पार कर सकती है। डॉक्टर इसकी रीडिंग कम से कम 6 घंटे के अंतराल पर दिन में दो बार करते हैं। हाई ब्लड प्रेशर होने पर यूटरस में प्लेसेंटा के माध्यम से बच्चे में जाने वाला ब्लड सप्लाई पूरी तरह से नहीं हो पाती। इसकी वजह से बच्चे में ऑक्सीजन और पौष्टिक तत्वों की आपूर्ति कम मात्रा में होती है। इस वजह से बच्चे के जन्म के समय लो बर्थ रेट, बच्चे का विकास समुचित नहीं होता, बच्चा कमजोर पैदा हो सकता है।

**क्या है प्री-एक्लेंपसिया:** जब गर्भवती महिला का ब्लड प्रेशर कंट्रोल नहीं हो पाता है, तो उसके विभिन्न अंग प्रभावित हो सकते हैं। उनमें सबसे महत्वपूर्ण है, किडनी खराब होना जिससे यूरिन में प्रोटीन और यूरिया आने की समस्या शुरू हो जाती है। इस स्थिति को प्री-एक्लेंपसिया कहा जाता है। 24 घंटे में महिला के शरीर से यूरिन में 2 ग्राम से अधिक प्रोटीन निकलने लगता है। प्री-एक्लेंपसिया में मां के यूटरस से प्लेसेंटा अलग हो सकता है, प्लेसेंटल एब्रप्शन, यूटेरस में ब्लीडिंग या फिर प्री-टर्म डिलीवरी हो सकती है।



**तब कंडीशन हो जाती है सीरियस:** प्री-एक्लेंपसिया के लक्षण पहचाने न जाने और उचित उपचार न हो पाने पर एक्लेंपसिया की स्थिति आ सकती है। इसमें गर्भवती महिला को दौरे या फिट्स आने लगते हैं, जिसे एक्लेंपिक फिट कहा जाता है। ये दौरे काफी गंभीर होते हैं, जिसमें उसे मिर्गी के दौरे के समान बहुत जोर-जोर से झटके आने लगते हैं। झटकों के साथ महिला के शरीर में बदलाव होने से गर्भ में पल रहे बच्चे में ब्लड सप्लाई बंद हो सकती है। कई महिलाएं झटकों को संभाल नहीं पातीं, गिर जाती हैं। ऐसे में बहुत तेज झटकों के कारण महिला-बच्चे दोनों की मौत हो सकती है। ब्लड प्रेशर और फिट्स कंट्रोल करने के लिए समुचित मेडिसिन देकर उनका उपचार संभव हो जाता है।

### इन्हें होता है ज्यादा रिस्क

- जिस महिला की पहली प्रेग्नेंसी हो।
- मां की आयु 20 साल से कम या 35 साल से अधिक हो।
- गर्भ में पल रहे बच्चे जुड़वां हों।
- प्रेग्नेंसी आइवीएफ से हो।
- मां अगर स्मोकिंग या दूसरे ड्रग्स लेती हो।
- गर्भावस्था के पहले से ही ब्लड प्रेशर, डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियां हों, मोटापा हो, पहली प्रेग्नेंसी में हाई ब्लड प्रेशर रहा हो या इसकी फैमिली हिस्ट्री हो।

**प्रमुख लक्षण:** प्रेग्नेंसी के दौरान अगर महिला यहां बताए जा रहे लक्षण महसूस करती है तो बिना देर किए डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। जैसे- बीपी बढ़ना, 10-15 दिन में 2-3 किलो वजन बढ़ना, हाथ-पैरों या शरीर के किसी भी अंग में सूजन आना, चक्कर आना, जी घबराना, उल्टी आना, आंखों से धुंधला दिखना, सिर दर्द होना।

**क्या है उपचार:** एक्लेंपसिया के उपचार की प्रक्रिया में ब्लड प्रेशर को एंटी-हाइपरटेंसिव मेडिसिन पेशेंट को देकर तुरंत कंट्रोल करना पड़ता है। एक्लेंपसिया के लिए मरीज को इंजेक्शन के माध्यम से भी दवा देते हैं। इसमें समय पर ट्रीटमेंट जरूरी है।

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

## खबर संक्षेप



सोनीपत। कार्यभार संभालने के उपरांत अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त सुशील सारवान।

### सुशील सारवान ने संभाला उपायुक्त का कार्यभार

**सोनीपत।** वर्ष 2012 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी सुशील सारवान ने सोमवार को सोनीपत के उपायुक्त पद का कार्यभार ग्रहण किया। सारवान इससे पूर्व हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) और हरियाणा वित्तीय निगम में प्रबंध निदेशक के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। वे पानीपत, कुरुक्षेत्र और पंचकूला सहित हरियाणा के कई जिलों में उपायुक्त के रूप में कार्य कर चुके हैं। सोनीपत पहुंचने पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उपायुक्त सुशील सारवान ने अपने कार्यालय में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ एक प्रारंभिक समन्वय बैठक की। उन्होंने जिले की प्रमुख आवश्यकताओं और प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर चर्चा की।

### 26 को होगी जिप सोनीपत की बैठक

**सोनीपत।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अभय सिंह जांगड़ा ने बताया कि जिला परिषद सोनीपत की सदन बैठक 26 जून को दोपहर 12 बजे डीआरडीए के प्रगति हॉल में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद की चैयरपसर्न मोनिका दहिया के द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में जिला परिषद चैयरपसर्न व वार्ड सदस्यों के साथ मुख्य तौर पर 7 एजेंडा पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 27 को

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि 24 जून को आयोजित होने वाली जिला कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक को स्थगित किया गया है। अब यह बैठक 27 जून को दोपहर 12 बजे लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता उद्यमिता राज्यमंत्री तथा जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष गौरव गौतम करेंगे। बैठक में 23 परिवादों को सुनवाई की जाएगी।

### ढाबा कर्मचारी से फोन छीनने का प्रयास

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र में ढाबे में तैनात कर्मचारी से फोन छीनने के आरोप का मामला सामने आया है। मधुबनी बिहार निवासी दीपक ने बताया कि वह मंगल ढाबे पर काम करता है। सोमवार को दीपक ढाबे पर बैठकर मोबाइल बात कर रहा था। इसी दौरान दिल्ली की तरफ से काले रंग की बाइक पर दो युवक आए और उनका मोबाइल को छीनने की कोशिश की। दीपक उनसे उलझ गए अन्य ढाबा कर्मी भी बचाने के लिए आ गए। जिसके बाद आरोपित बाइक छोड़कर वहां से भाग गए। मामले की सूचना डायल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों युवकों को मन्नत हवेली के पास से काबू कर लिया।

# चार साल बाद फिर से शुरू होगी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा

## नागरिक अस्पलात प्रबंधन की तरफ से अधिकारियों की देखरेख में मशीन की अनसील

**सुविधा**

गर्भवती महिला व अन्य मरीजों को अल्ट्रासाउंड करने के लिए निजी लैब के चक्कर नहीं लगाने पड़ेगें।

सितंबर, 2021 में रेडियोलॉजिस्ट डॉ. रीटा गोयल का हो गया था रोहतक अस्पताल में तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। मशीन को पेटी से निकालते हुए टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

नागरिक अस्पताल में पौने चार साल से बंद अल्ट्रासाउंड सेवा फिर से शुरू होने वाली है। जिससे गर्भवती महिला व अन्य मरीजों को अल्ट्रासाउंड करने के लिए निजी लैब के चक्कर नहीं लगाने पड़ेगें। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से गठित टीम की देखरेख में सालों से सील करके डिब्बे में रखी मशीन को अनसील किया गया। प्रबंधन की तरफ से कमरा नंबर-51 में अल्ट्रासाउंड केंद्र बनाया जा रहा है। जहां मशीन को स्थापित किया जायेगा।

नागरिक अस्पताल से सितंबर, 2021 में रेडियोलॉजिस्ट डॉ. रीटा गोयल का रोहतक अस्पताल में तबादला हो गया था। उसके बाद मई माह तक कोई दूसरे रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती नागरिक अस्पताल में नहीं हो सकी थी। अस्पताल के अल्ट्रासाउंड केंद्र पर कुछ समय तक ताला लटका रहा, लेकिन बाद में वहां एक्स-रे की सुविधा शुरू कर दी गई थी। स्वास्थ्य विभाग ने अल्ट्रासाउंड मशीन को एक पेटी में सील बंद करके रख दिया था। अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के अलावा अन्य मरीजों के मुफ्त अल्ट्रासाउंड किए जाते थे। निजी सेंटर पर अल्ट्रासाउंड कराने के लिए 800 रुपये खर्च आ रहा है। मरीजों की परेशानी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से गुरुग्राम में तैनात महिला रेडियोलॉजिस्ट को डेपुटेशन पर भेजा गया, लेकिन उन्हें ज्वाइन करने के बाद छुट्टी ले ली। प्रबंधन की तरफ से उच्च अधिकारियों के साथ फिर से पत्राचार किया गया। विभाग की तरफ से डा. धर्मेंद्र यादव का तबादला कर भेजा गया है। जिसके बाद सोमवार को सालों से बंद पड़ी अल्ट्रासाउंड मशीन को अन सील किया गया है। जल्द अस्पताल में सुविधा मरीजों व गर्भवती महिलाओं के लिए उपलब्ध होगी।


### कमरा नं. 51 को अल्ट्रासाउंड केंद्र बनाया

नागरिक अस्पताल के कमरा नंबर-51 को अल्ट्रासाउंड केंद्र बनाया गया है। मशीन को टीम के सामने अनसील किया गया है। जल्द से जल्द मशीन को कमरे में स्थापित कर सुविधा को शुरू कर दिया जायेगा। मरीजों की सुविधा के लिए लगातार प्रबंधन की तरफ से जरूरी कदम उठाने का काम किया जा रहा है।

-डा. ज्योत्सना, प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल

### रेडियोलॉजिस्ट हुए नियुक्त

जानकारी के अनुसार मई माह के अंतिम दिन रेडियोलॉजिस्ट डा. धर्मेंद्र यादव अस्पताल में नियुक्त हुए है। सोमवार को उनकी देखरेख में ओपीडी के कक्ष नंबर 51 में अल्ट्रासाउंड मशीन को शिफ्ट किया गया है। टीम में उप चिकित्सा अधीक्षक डा. गिन्नी लांबा, डा. संदीप लठवाल, आरएमओ डा. प्रवीन ढोचक, डा. नितिन फलस्वाल व रेडियोलॉजिस्ट डा. धर्मेंद्र यादव के सामने मशीन को अनसील किया गया है।



सोनीपत। एक बैंकट हाल में आयोजित कार्यक्रम में आर्मी में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित कृष कुमार का सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# पूर्व सैनिकों ने लेफ्टिनेंट चयनित कृष कुमार को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ कृष कुमार के पुणे में ट्रेनिंग के लिए रवाना होने से पहले सोनीपत में एक बैंकट हाल में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

पूर्व सैनिक कल्याण सोसाइटी ने गत दिवस देर शाम को आईटीआई चौक, सोनीपत स्थित एक बैंकट हाल में आयोजित कार्यक्रम में हाल ही में भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुए कृष कुमार को सम्मानित किया गया। सोसाइटी के प्रधान सतपाल सिंह काजला, उप प्रधान कैप्टन धर्मबीर गहलोत, कमांडो रविंद्र सिंह व कैप्टन ओमपाल आदि ने कहा कि हमारे लिये गौरव की बात है कि हमारे सोनीपत के बेटे कृष कुमार का सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयन हुआ है और कृष कुमार आज रात को आर्मी की ट्रेनिंग के लिये पुणे के लिये रवाना होगा।

### ट्राफी व स्मृति चिन्ह दिया

सोसाइटी पदाधिकारियों ने कृष कुमार को ट्राफी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित कृष कृमार ने पूर्व सैनिक कल्याण सोसाइटी के सभी पदाधिकारियों व शहरभर से पहुंचे गणमान्य लोगों का आभार जताया।

कृष कुमार ने कहा की बचपन से ही उसका आर्मी में भर्ती होकर देश की सेवा करने का सपना था और भगवान व परिजनों के आशीर्वाद से उसका यह सपना पूरा हुआ है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कृष कुमार के नाना डा. महाबीर दहिया, चांद दहिया, नानी राजवंती देवी, सुनिता राणा, डा. राज मोर, संजीव, माता सरिता देवी, मौसी पूनम रानी, मामा मोहित राणा, अरूण राणा, मामी सुमन राणा, भाई आयुष बिंझौल, इशांत धौंचक, कियांश व चिराग सहित शहर के काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### सेफ इंडिया फाउंडेशन ने करवाई 157वीं कन्या की शादी

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा रविवार को अग्रसेन भवन, सेक्टर-14 में एक जरूरतमंद कन्या का विवाह करवाया गया। यह संस्था द्वारा कराई गई 157वीं शादी थी। संस्था के चेयरमैन वाईके त्यागी और प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि यह विवाह आयोजन संस्था के जरूरतमंद कन्या विवाह प्रकल्प के अंतर्गत किया गया।

संस्था की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह शादियां गोपनीय तरीके से आयोजित की जाती है। न कोई बैनर, न मंचीय प्रचार और न ही फोटो खिंचवाने की औपचारिकता। वर-वधू और उनके परिवार की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाती है ताकि उनकी गरिमा और आत्मसम्मान सुरक्षित रहे।



### ज्ञान गंगा में वर्कशॉप का आयोजन

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में 'हैप्पी क्लासरूम' पर विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, प्राचार्या मीनाक्षी खुराना व मुख्य वक्ता नीलम हांडा ने दीप प्रज्ज्वलित कर वर्कशॉप का शुभारंभ किया। सुधीर जैन ने कहा कि हैप्पी टीचर्स ही हैप्पी क्लासरूम का निर्माण करते हैं। हैप्पी क्लासरूम से पहले शिक्षक को स्वयं खुश होना पड़ेगा तभी बच्चों में खुशी का माहौल बन पाएगा और कक्षा में सजीवता, जीवंतता, सृजनशीलता और रचनात्मकता का संचार हो सकेगा। रिसोर्स पर्सन रजनी अरोड़ा ने शिक्षकों को क्षमता निर्माण कार्यक्रम (कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम) के महत्व से अवगत करवाया। समापन अवसर पर प्राचार्या मीनाक्षी खुराना ने मुख्य वक्ता व शिक्षाविद नीलम हांडा व रिसोर्स पर्सन रजनी अरोड़ा को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार प्रकट किया।



### 1800 से अधिक शिक्षक हो चुके प्रशिक्षित

**सोनीपत।** प्राथमिक शिक्षकों के लिए फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत नए प्रशिक्षण शिविरों का शुभारंभ किया गया। सोमवार को उप जिला शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री ने गढ़ी ब्राह्मण स्थित राजकीय वमावि और मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि में क्रमशः चार और तीन प्रशिक्षण शिविरों की शुरुआत की। जिला एफएलएन समन्वयक मनोज वर्मा ने जानकारी दी कि गोहाना में भी दो नए बैच प्रारंभ किए गए हैं, जबकि खंड राई में 24 जून को प्रशिक्षण शिविर का समापन होगा। जिले में अब तक 1800 से अधिक प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण ले चुके हैं, और 27 जून तक यह आंकड़ा 2300 तक पहुंचने की संभावना है। उद्घाटन अवसर पर सुजाता खत्री ने प्रतिभागियों को समय पालन की सख्त हिदायत दी और सभी प्रशिक्षकों से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को कक्षा-कक्ष में व्यावहारिक रूप से लागू करें।



### डिजिटल डीटॉक्स चैलेंज का आयोजन

**सोनीपत।** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा सेक्टर-12 स्थित कम्युनिटी सेंटर में डिजिटल डीटॉक्स चैलेंज का आयोजन किया गया। इस अनूठी पहल का उद्देश्य मोबाइल और स्क्रीन से हटकर सामाजिक सहभागिता और मानसिक विश्राम को बढ़ावा देना था। संस्था के संस्थापक नितिन जैन ने बताया कि तेज भागती जिंदगी में हम मोबाइल और लैपटॉप में इतने उलझ गए हैं कि खुद के लिए समय निकालना कठिन हो गया है। इसी सोच के साथ यह सात घंटे का डिजिटल डिटॉक्स चैलेंज रखा गया, जिसमें प्रतिभागियों ने मोबाइल जमा करवा कर सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम में संस्था से जुड़े सक्षम, जो बारहवीं कक्षा के छात्र हैं, ने अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि सेवा और शिक्षा के कार्यों में भाग लेकर उन्हें आत्मसंतोष की अनुभूति हुई और वे भविष्य में भी संस्था से जुड़े रहना चाहेंगे।



### पंचधुनी तपस्या पूर्ण, भंडारा लगाया

**सोनीपत।** दादा मोहनदास धाम के महंत बाबा विजयनाथ महाराज ने 41 दिन की पंचधुनी तपस्या पूर्ण की। इस दौरान सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाहरा के महंत बाबा कृष्ण नाथ का धूमधाम से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बाबा सोमनाथ खड़ेश्वरी, बाबा राजूनाथ, बाबा प्रथम नाथ, देवीनाथ, शंभूनाथ, चमन नाथ, राजनाथ, कर्मबीर नाथ, सेवा नाथ ओधड़ आदि साधु संतों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। इस दौरान भोले बाबा आश्रम प्रमुख सुनील बैरागी ने बताया कि जिस तरह इंसान को शरीर चलाने के लिये भोजना की आवश्यकता पड़ती हे, उसी तरह जीवन में सुख शांति, मोघ पाने के लिये भगवान का प्यार, आशीर्वाद पाने के लिये भजन जरूरी है। कार्यक्रम में सत्ते फरमाना ने रागीन भजन सुनाए, वहीं अमित समचानियां ने जागरण कर भगवान की महिमा का गुणगान किया। इस मौके पर अंकित शर्मा, ईश्वर भक्त आदि मौजूद रहे।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान बना लोगों के लिए प्रेरणा का माध्यम : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते विधायक व अन्य।

भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस खरखौदा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मनाया गया। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया गया। कुंडल गांव में आयोजित कार्यक्रम में विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश के राष्ट्रवादी महापुरुष थे। उनका जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ था। उन्होंने एक देश में दो विधान दो निशान का विरोध करते हुए आंदोलन किया था।

देश की एकता और अखंडता के लिए वह जब कश्मीर में आंदोलन करने के लिए गए तो उन्हें गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया गया। कुछ दिन के बाद उनकी तबीयत खराब हो गई और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उनकी और ज्यादा तबियत खराब होने की वजह से 23 जून 1953 को उनकी मौत हो गई। जो आज भी उनकी मौत को संदिग्ध माना जा रहा है। उनका यह बलिदान देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का माध्यम बना है। उनके आदर्श और सिद्धांत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 वर्षों के सफल कार्यकाल में प्रभावी भारत के विकसित निर्माण को बढ़ावा दिया है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नरेश पाराशर, मुकेश सैनी, महामंत्री अशोक, कृष्ण, सोमवीर, श्याम पाल सैनी, रविंद्र व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डा. मुखर्जी के सपनों को साकार कर रही मोदी सरकार : बड़ौली



**सोनीपत।** भाजपा ने हरियाणा में बूथ स्तर पर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने डा. मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने सोनीपत में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर बड़ौली ने कहा कि मोदी सरकार डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के देखे गए सपनों को साकार कर रही है।

रउन्होंने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रवाद की जिस मशाल को प्रज्वलित किया, आज वही मशाल भाजपा को करोड़ों परिवारों का विश्वास और समर्थन दिलाने वाली शक्ति बन चुकी है। बड़ौली ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन कार्यकर्ताओं के लिए अनुकरणीय है। इस मौके पर पूर्व मंत्री कविता जैन, पार्षद बबीता कौशिक, पार्षद सुरेंद्र मदान, पूर्व जिला महामंत्री तरुण देवीदास, त्रिभुवन कौशिक आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन देश की एकजुटता व अखंडता को समर्पित रहा: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते विधायक व अन्य।

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन देश की एकजुटता व अखंडता को समर्पित रहा। उन्होंने देश को कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक एक सूत्र में पिरोने के सपने पर खुद को बलिदान किया। वह सोमवार को गोहाना में अपने कार्यालय पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह भारत की सैन्य शक्ति का प्रतीक है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छाशक्ति ने संभव बनाया है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक दूरदर्शी स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद् और राष्ट्र निर्माता थे जिन्होंने स्वतंत्र भारत में कैबिनेट मंत्री के रूप में देश के औद्योगिक और खाद्य नीति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने के भारत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साकार करते हुए एक राष्ट्र-एक विधान के विचार को मजबूत किया है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 35ए और 370 हटाना इसका एक ठोस उदाहरण है।

### विजेता खिलाड़ियों का विद्यालय पहुंचने पर विधायक पवन ने किया स्वागत

# वुशु चैंपियनशिप में दीपिका और चिराग ने जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए विधायक व अन्य।

जयपुर में आयोजित सीनियर नेशनल वुशु चैंपियनशिप में प्रताप सिंह मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खरखौदा के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों दीपिका और चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर प्रदेश और जिला सोनीपत का नाम रोशन किया। दीपिका ने 60 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर जहां प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं चिराग ने 65 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

पदक विजेता खिलाड़ियों के विद्यालय पहुंचने पर विधायक पवन खरखौदा, खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राठी, द्रोणाचार्य अवॉर्डी ओमप्रकाश दहिया, विद्यालय प्रिंसिपल दया दहिया, अकादमिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया, सोमबीर आर्य व वूशु कोच विनोद गुलिया ने फूल मालाओं से सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि प्रताप विद्यालय हमारे क्षेत्र की शान है। यहां के खिलाड़ी निरंतर इंटरनेशन व नेशनल लेवल पर पदक जीतकर देश, प्रदेश व हमारे क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि दीपिका पूर्व में एक बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और आठ बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुकी हैं, वहीं चिराग दो बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता रह चुके हैं। डॉ. सुबोध दहिया ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलों की उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिसके परिणामस्वरूप विद्यार्थी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत रहे हैं।

### कोच को दिया श्रेय

दीपिका और चिराग ने अपनी जीत का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत, कोच विनोद गुलिया, विद्यालय प्रबंधन समिति को दिया।

### धनाना की छोरी संध्या राठी के दांव सब पर भारी



**गोहाना।** फस्र्ट ओपन राष्ट्रीय ग्रेपलिंग लीग : 2025 में गांव धनाना की छोरी कुमारी संध्या राठी पुत्री स्व. संदीप राठी के दांव अपने सब प्रतिद्वंद्वियों पर भारी पड़े। प्रतियोगिता में उन्होंने स्वर्ण पदक जीत कर अपना व अपने गांव का नाम रोशन किया है। उनके इस शानदार प्रदर्शन को लेकर गांव में खुशी का माहौल है। कुमारी संध्या राठी राष्ट्रीय स्तर की मेधावी पहलवान हैं। पब्लिक मीडिया फोर्स आर्गेनाइजेशन (पीएमएफओ) द्वारा हिसार के अग्रसेन भवन में 19, 20 व 21 जून को लड़के और लड़कियों की फस्र्ट ओपन राष्ट्रीय ग्रेपलिंग लीगः 2025 आयोजित की गई। कुमारी संध्या राठी ने इस प्रतियोगिता में -55 किलोग्राम भारवर्ग में पहला स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक और 21 हजार रुपये नदक पुरस्कार जीत लिया। कुमारी संध्या ने प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में राजस्थान की खिलाड़ी रिया को पराजित किया। इस शानदार प्रदर्शन को लेकर खिलाड़ी संध्या को उनकी दादी मूर्ति देवी, मां सुमन, चाचा प्रदीप राठी, भाई राहुल व वंश ने खुशी व्यक्त की।



### वरिष्ठ नागरिकों ने मनाया सामूहिक जन्मदिन, 28 वरिष्ठ नागरिकों को फटकों से सम्मानित किया

**सोनीपत।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति के तत्वावधान में सेक्टर-15 स्थित कम्युनिटी सेंटर में बुजुर्गों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मई और जून माह में जन्मे 28 वरिष्ठ नागरिकों का सामूहिक जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्रधान प्रेम रेलन ने की। समारोह की शुरुआत गायत्री मंत्रों के पवित्र उच्चारण से हुई। तत्पश्चात समिति के आय-व्यय का विवरण सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सभी 28 वरिष्ठ नागरिकों को फटकों से सम्मानित किया गया और समिति की ओर से उन्हें उपहार भी भेंट किए गए। कार्यक्रम में विजय मित्तल, हरबंस लाल अरोड़ा, नंद लाल तनेजा, प्रीतपाल बाल्याण, रतन लाल और टेक चंद त्रिवेदी ने भजन, कविता और गीतों के माध्यम से सभी का मन मोहा। मुख्य वक्ता सीताराम भारद्वाज, उषा भंडारी, रवि कपूर और केएल पासरीजा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बुजुर्गों की सामाजिक भूमिका और अनुभवों की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में रमेश अरोड़ा, किशन मिड्ढा, अशोक चांदना सहित समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### महिला विवि ने आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाया



**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) खानपुर कलां में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न कोर्सों में आवेदन प्रक्रिया चल रही है। ग्रामीण क्षेत्र की मांग पर विवि प्रशासन द्वारा कुलपति प्रो. सुदेश के निर्देश पर आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 23 जून से 2 जुलाई कर दिया गया है। वंचित छात्राओं के लिए आवेदन का यह अच्छा अवसर है।

### रागनियां प्रस्तुत कर श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध



**खरखौदा।** युवा समाज सेवा संगठन रोहणा के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने हरियाणवी रागनी प्रस्तुत की। जाने माने लोक गायक अमित रोहणा सहित कई गायकों ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। इस अवसर पर संस्था प्रधान महेंद्र सिंह, सचिव प्रवीन कुमार सहित अन्य रहे।

## चेतावनी के बावजूद नहीं बरसे बादल, उमस से बेहाल सोनीपत

# मौसम की बेरूखी जारी, बार बार फेल हो रही भविष्यवाणी

- अधिकतम तापमान में 3 डिग्री की बढ़ोतरी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

मौसम विभाग की थंडरस्ट्रोम और भारी बारिश की चेतावनियों के बावजूद सोमवार को सोनीपत में एक बार फिर मौसम ने निराश किया। ज्यादातर समय आसमान में दिन भर सूर्य चमकता रहा लेकिन बारिश न होने से उमस और गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। मौसम की यह बेरुखी अब लोगों के सब्र की परीक्षा लेने लगी है। मौसम विभाग ने चेताया था कि 23 जून को सोनीपत समेत हरियाणा के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक के आसार हैं, लेकिन पूरे दिन नमी भरे वातावरण और तेज धूप के कारण गर्मी और पसीने से लोग परेशान दिखे। आलम ये है कि सोनीपत के तापमान में भी वृद्धि दर्ज की जा रही है। अधिकतम तापमान में 3 डिग्री से अधिक की बढ़ोतरी हुई है।



### बिजली के अघोषित कटों ने भी निकाला पसीना

दूसरी ओर बिजली के अघोषित कट भी आम लोगों का पसीना निकालने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। शहर के पश्चिमी हिस्से में विशेषतौर पर रात के समय बिजली के अघोषित कटों की वजह से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। कई बार शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं मिल रहा। रोजाना ट्रांसफार्मर से फ्यूज उड़ना, कम या तेज वोल्टेज की लाइट आना तो आम बात हो गई है।

### अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री दर्ज

सोनीपत जिले में सोमवार को अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री दर्ज किया गया है। रविवार के मुकाबले अधिकतम तापमान में 3 डिग्री से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं शनिवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री पर था। रोजाना बढ़ता तापमान और उमस से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। जिले में सोमवार को न्यूनतम तापमान भी 27.3 डिग्री दर्ज किया गया है।

### तीन दिनों में बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार, सोनीपत जिले में अगले तीन दिनों तक गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना बनी हुई है, लेकिन अभी तक जारी पूर्वानुमान बार-बार असफल हो रहे हैं। लोगों को अब बारिश के बजाय मौसम विभाग की चेतावनी से अधिक डर लगने लगा है। व्यापारी वर्ग और किसान दोनों ही असमंजस में हैं कि आखिर यह मानसून कब असर दिखाएगा। उमस के कारण घरों, दफ्तरों और बाजारों में एसी-कूलर भी बेअसर नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों (24-29 जून) के लिए भी गरज-चमक और बारिश की संभावना जताई है। मौसम की लगातार विफल भविष्यवाणियों ने लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा कर दी है, और उमस भरी गर्मी ने जनजीवन को प्रभावित कर रखा है।

# क्षेत्र का विकास कराना कर्तव्य, अग्रणी हलका बनाना लक्ष्य : देवेंद्र कादियान

- विधायक ने जनता दरबार में 250 शिकायतें सुनी अनेक शिकायत का मौके पर किया समाधान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**

विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी कार्यालय परिसर में जनता दरबार लगाया। करीब 250 लोगों ने अपनी शिकायतें रखीं। सबसे ज्यादा शिकायतें बिजली निगम से जुड़ी थीं। विधायक ने एसडीओ अभिषेक कौशिक को टीम सहित मौके पर बुलाया। लोगों ने बिजली बिल, कनेक्शन, जले ट्रांसफार्मर, नया ट्रांसफार्मर लगवाने और केबल हटवाने जैसी समस्याएं बताईं। एसडीओ ने कहा कि गर्मी के कारण कुछ जगह दिक्कत है, उपभोक्ताओं को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। बजाना खुर्द के राजेश ने बताया कि उसके खेत का 63 केवी ट्रांसफार्मर तीन महीने से खराब है। अब धान की रोपाई का समय है, बिजली नहीं होने से परेशानी बढ़ रही है। लल्हेड़ी कलां के रामफल ने कहा कि उसका ट्यूबवेल कनेक्शन पहले 15 एचपी का था, अब 25 एचपी करवा लिया है। इससे ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ जाते हैं, पूरी बिजली नहीं मिल रही। गन्नौर की सरोज ने बताया कि उसका बीपीएल राशन कार्ड है। घर में बाइक तक नहीं है, लेकिन पीपीपी में लग्जरी गाड़ी दिखा दी गई। इस कारण उसका राशन कार्ड काट दिया गया। ऐसी समस्या कई लोगों के साथ हो रही है। जनता दरबार में परिवार पहचान पत्र, बीपीएल कार्ड और बुजुर्ग पेंशन से जुड़ी कई शिकायतें आईं। विधायक ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत लंबित न रहे। विधायक कादियान ने कहा कि क्षेत्र का विकास कराना उनका कर्तव्य है। गन्नौर को अग्रणी हलका बनाना उनका लक्ष्य है। वे हर सोमवार को 6 से 7 घंटे जनता के बीच रहकर समस्याएं सुनते हैं। बाकी दिनों में भी जनता के बीच रहते हैं। इस मौके पर अंकित, हरीश, सुभाष, प्रदीप कुमार, अमित, विकास सहित कई लोग मौजूद रहे।



**गन्नौर।** विधायक देवेन्द्र कादियान जनता दरबार में हलके के लोगों की समस्या सुनते हुए।

### खेवड़ा गांव में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया



**राई।** स्वर्गीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस खेवड़ा गांव में जाखौली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाया। आंतिल ने कार्यकर्ताओं के साथ उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को याद किया। शेखर आंतिल ने कहा कि मां भारती के महान सपूत, भारत की एकता और अखंडता हेतु अपना जीवन अर्पित करने वाले, भारतीय जनसंघ के संस्थापक, अद्वितीय शिक्षाविद् एवं प्रखर राष्ट्रवादी, परम श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस कोटि-कोटि नमन। डॉ.मुखर्जी का जीवन त्याग, तपस्या और राष्ट्रभक्ति की अमिट गाथा है। शेखर आंतिल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का हर कदम पर उनका स्मरण हमें शक्ति, प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान करता है। ऐसे महान राष्ट्रनायक को बारंबार प्रणाम है। इस मौके पर सुनील, सुभाष, मनीष, सौरभ आदि मौजूद थे।

# समय-समय पर करें रक्तदान : गोयल

- जेके लक्ष्मी सीमेंट की ओर से लायंस क्लब गन्नौर ने लगाया रक्तदान शिविर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**

जेके लक्ष्मी सीमेंट की ओर से लायंस क्लब गन्नौर, विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार और गोयल सीमेंट गन्नौर के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन विश्वकर्मा मंदिर में किया गया। रक्तदान शिविर जेके ऑर्गेनाइजेशन के स्वर्गीय हरि शंकर सिंघानिया के जन्म दिवस के उपलक्ष में आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में 70 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर पुण्य कमाया। आयोजकों की ओर से सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट व अन्य सामान देकर सम्मानित किया गया।

गोयल सीमेंट स्टोर गन्नौर से लायन दीपक गोयल ने जेके लक्ष्मी सीमेंट की ओर से आए अतिथियों का स्वागत किया और रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया गया। दीपक गोयल ने कहा कि रक्तदान महादान है, इसलिए हमें समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए।



**गन्नौर।** रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हौसल्ला बढ़ाते जेके लक्ष्मी सीमेंट के अधिकारी व लायंस क्लब गन्नौर के पदाधिकारी।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर लायन क्लब गन्नौर के प्रधान लायन हरजिंदर सिंह, लायन विजय कुमार, लायन नरेंद्र, जे के लक्ष्मी सीमेंट से दीपक कुमार, ईश्वर सिंह, आलोक सैनी अन्य सहयोगियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।



**सोनीपत।** जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद पुलिसकर्मी व अन्य।

### नशा मुक्त अभियान के तहत गांव जुआं में पहुंचे पुलिसकर्मी, युवाओं को किया जागरूक

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस ने नशा मुक्त अभियान लगातार जारी है। अभियान के तहत आज गांव जुआं के अखाड़ा में युवाओं को नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक कर नशे से दुर रहने व खेल कूद की तरफ बढ़ावा देने बारे में जागरूक किया गया। एसीपी मोहाना ऋषिकांत ने बताया कि जुआं के अखाड़ा में गांव के उपस्थित युवाओं को नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक किया व जागरूकता अभियान के दौरान पुलिस टीम ने युवाओं को नशे के खिलाफ इस जंग में शामिल होने व खेल कूद को बढ़ावा देने का आह्वान किया। अखाड़े में मौजूद पहलवानों को जागरूक करते शराब, गुटखा, सिगरेट, बीड़ी, खैनी आदि का चलन बढ़ रहा है। पहले युवा नशा शौक के कारण करता है। बाद मे धीरे-धीरे वह अन्य जानलेवा नशे हेरोइन, अफीम, पोस्त आदि लेना शुरु कर देता है। बाद में नशे की लत पड़ने पर उसका जीवन बर्बाद हो जाता है। नशे की बुरी लत से हमारे स्वास्थ्य के साथ साथ धन की भी हानि होती है। नशे से हजारों घर बर्बाद हो चुके है। नौजवान बच्चे शौक शौक में नशे की बुरी लत को पाल लेते है। इस मौके पर अखाड़ा संचालक संजीत पहलवान, डालमिया कोच, राजकुमार कोच, बिजेंद्र मास्टर, नरेंद्र पहलवान व युवाओं के साथ बच्चे भी मौके पर मौजूद रहे।

# डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र निर्माण में दिया अतुलनीय योगदान : गहलावत

- बहालगढ़ में अपने बूथ नम्बर 88 व अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ बलिदान दिवस मनाया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई**

राई विधायक कृष्णा गहलावत ने सोमवार को स्वर्गीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस बहालगढ़ में अपने बूथ नम्बर 88 व अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ मनाया। विधायक कृष्णा गहलावत ने संबोधित करते हुए कहा कि देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अतुलनीय साहस और पुरुषार्थ का परिचय देते हुए डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान दिया। उनके द्वारा दिए गए योगदान के कारण उन्हें हमेशा श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा।



**राई।** राई विधायक कृष्णा गहलावत स्वर्गीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस पर श्रद्धापूर्वक याद करते हुए।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर कोटि-कोटि नमन करते है। विधायक कृष्णा गहलावत ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पुरोधा बताया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद ने जम्मू कश्मीर और पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाये रखने के लिए वैचारिक और राजनीतिक रूप से आजीवन संघर्षरत रहे। इस मौके पर जयप्रकाश नाहरी, बहालगढ़ सरपंच राजेश, मास्टर ईश्वर त्यागी, नरेन्द्र खेवड़ा, दीपांशु दहिया, संजीत सबोली, राहुल नाहरी, विनोद कुंडली आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं

**गोहाना।** हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस के हाल ही में सम्पन्न हुए चुनावों में जिला सोनीपत युवा कांग्रेस के नव-निर्वाचित जिला अध्यक्ष गांव जसराना निवासी रविन्द्र कालीरमण उर्फ सोनू सोमवार को बरोदा विधानसभा के विधायक इंदुराज नरवाल उर्फ भालू से आशीर्वाद लेने पहुंचे। विधायक ने नव-निर्वाचित जिलाध्यक्ष को ईमानदारी से काम करने प्रेरित किया। विधायक ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और पार्टी के साथ अधिक से अधिक लोगों को जोडने का काम करें। विधायक ने इस दौरान गोहाना स्थित अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं भी सुनी। लोगों ने विधायक के सम्मुख ड्रेनों की सफाई करवाने, खेतों के ट्यूबवेल कनेक्शन में देरी, परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों में सुधार और पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करवाने की मांगें रखी।



**गोहाना।** विधायक से आशीर्वाद लेते हुए नव निर्वाचित अध्यक्ष रविन्द्र कालीरमण।



**राई।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई ने कार्यकर्ताओं के साथ पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुनीत राई ने दी श्रद्धांजलि

**राई।** जनसंघ के संस्थापक और महान राष्ट्रभक्त डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने कार्यकर्ताओं के साथ उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को याद किया। पुनीत राई ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने एक देश, एक विधान, एक निशान का नारा देकर जम्मू-कश्मीर को भारत में पूर्ण रूप से समाहित करने की दिशा में अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल, रामप्रकाश कौशिक, राकेश कौशिक, धर्मबीर त्यागी, राकेश त्यागी, प्रेम कुमार, सुरेश त्यागी, पिंटू शर्मा आदि मौजूद थे।

# भ्रष्टाचार और महंगाई के खिलाफ रस्सियां बांधकर कपड़ों पर डाला खून

- गांधीजी की प्रतिमा के समक्ष जिला पार्षद का अनोखा प्रदर्शन, राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, बिजली बिलों में बढ़ोतरी और लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने सोमवार को गांधीजी की प्रतिमा के समक्ष अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने कपड़ों पर खून डालकर और स्वयं को रस्सियों से बांधकर यह सांकेतिक विरोध जताया और प्रदेश सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। खुलेआम हत्याएं, अपहरण, डकैती और दुष्कर्म जैसी घटनाएं हो रही हैं और अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की स्थिति बिहार से भी बदतर हो चुकी है। व्यापारियों से फिरौती मांगी जा रही है, हर रोज दर्दनाक घटनाएं सामने आ रही हैं लेकिन सरकार कुंभकरण की नींद सो रही है। उन्होंने आगे कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर है। तहसीलों, नगर निगमों में बिना पैसे के कोई काम नहीं होता। बिजली बिलों में मनमाने तरीके से बढ़ोतरी कर आमजन को परेशान किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान रंजीत कौशिक, बिन्नी भारद्वाज, ऋतुराज, अनुज छाबड़ा, डॉ. राकेश, विकास शर्मा, मनीष सैनी, प्रदीप, संदीप, राजवीर, कुलदीप व रमेश सहित कई लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए बदलाव की मांग की।



**सोनीपत।** विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला पार्षद संजय साथ में अनुज छाबड़ा एवं अन्य।



**गन्नौर।** भाजपा नेता आजाद नेहरा कार्यकर्ताओं के साथ डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए।

### डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर किया नमन

**गन्नौर।** भाजपा नेता आजाद नेहरा व भाजपा राजपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने जाहरी गांव में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया। ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नेहरा ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की अखंडता के लिए अतुलनीय साहस और पुरुषार्थ का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में उनका अमूल्य योगदान हमेशा श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित सैनी, मंडल अध्यक्ष श्रवण कौशिक, महामंत्री दीपक नैन, ईश्वर सैन व जितेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**कार्रवाई** अप्रैल माह में 430 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें 68.56 प्रतिशत ने पुलिस कार्रवाई से संतुष्टि जाहिर की थी

# शिकायत निवारण : गोहाना जोन में पुलिस की कार्यप्रणाली से संतुष्टि दर में 12% का सुधार

मई माह में संतुष्टि दर बढ़कर 80.62 प्रतिशत पर पहुंची, कुल 601 शिकायतें प्राप्त हुई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

पुलिस विभाग द्वारा शिकायत निवारण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर लगातार किए जा रहे प्रयास रंग ला रहे हैं। अप्रैल व मई माह के फीडबैक डाटा के अनुसार गोहाना जोन के अंतर्गत आने वाले थानों में शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि दर में लगभग 12% का सुधार दर्ज किया गया है। अप्रैल माह में जोन के विभिन्न थानों में कुल प्राप्त शिकायतों की संख्या 430 रही, जिनमें से 264 मामलों में फीडबैक सेल ने शिकायतकर्ताओं से फोन पर संपर्क कर कार्यवाही का मूल्यांकन किया। इसमें से 181 शिकायतकर्ता (68.56%) पुलिस कार्यवाही से संतुष्ट पाए गए। वहीं मई माह में यह संतुष्टि दर बढ़कर 80.62% हो गई। मई में जोन के थानों में कुल 601 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 573 शिकायतों पर फीडबैक लिया गया और 462 शिकायतकर्ताओं ने पुलिस की कार्यवाही को संतोषजनक बताया।

पुलिस प्रवक्ता रविंद्र सिंह का कहना है कि फीडबैक सेल की भूमिका केवल आंकड़े एकत्र करने की नहीं, बल्कि प्रणाली की कमियों को समझने और सुधारने की भी है। यह प्रणाली नागरिकों को सीधे तौर पर अपनी राय देने का मंच प्रदान करती है, जिससे पुलिसिंग में पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। पुलिस विभाग का लक्ष्य है कि आने वाले समय में यह संतुष्टि दर 90% से अधिक तक पहुंचे।

### प्रयास रहेंगे जारी

थाना व चौकी प्रभारीयों को सभी प्राप्त शिकायत निपटान हेतु उचित दिशा निर्देश दिए गए थे। उन्हीं दिशा निर्देशों पर कार्य करते हुए थाना व चौकी की पुलिस ने मई माह में प्राप्त शिकायत पर सराहनीय कार्य करते हुए तकरीबन 80% लोगों को संतुष्ट किया है। यह प्रयास भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे। सोनीपत पुलिस का प्रयास सभी शिकायतों पर फरियादी को संतुष्ट करना है। उम्मीद है अगले माह में यह आंकड़े 80% से भी बढ़कर आयेंगे।

-भारती डबास, पुलिस उपायुक्त, गोहाना।

### थाना स्तर पर ऐसे बीता मई माह

- थाना शहर गोहाना में मई में 126 में से 108 संतुष्ट शिकायतकर्ता रहे।
- थाना बरोदा में 124 में से 98 संतुष्ट शिकायतकर्ता रहे।
- महिला थाना गोहाना में 57 मामलों में से 51 संतुष्ट शिकायतकर्ता रहे।
- थाना सदर गोहाना में 190 मामलों में से 146 संतुष्ट शिकायतकर्ता रहे।
- थाना मोहाना में 66 में से 51 संतुष्ट शिकायतकर्ता रहे।